बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक– प्र0 / NBPDCL-01/2018 पटना, दिनांक–

प्रेषक,

प्रत्यय अमृत,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
ऊर्जा विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के क्षेत्राधीन सुपौल जिला के राघोपुर प्रखण्ड के गणपतगंज में एक 2X5 MVA के नये विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु कुल 4.48 करोड़ (चार करोड़ अड़तालीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2017–18 में 4.48 करोड़ रूपये नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड को भुगतान करने हेतु आवंटन की स्वीकृति ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय राज्यादेश संख्या–313 दिनांक–02.02.2018 के आलोक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के क्षेत्राधीन सुपौल जिला के राघोपुर प्रखण्ड के गणपतगंज में एक 2X5 MVA के नये विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु कुल 4.48 करोड़ (चार करोड़ अड़तालीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2017–18 में 4.48 करोड़ रूपये नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड को भुगतान करने हेतु आवंटन स्वीकृत एवं विमुक्त किया जाता है।

2. यह राशि बजट मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05–संचरण तथा वितरण, लघुशीर्ष–789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, मांग सं0–10– उपशीर्ष–0103– नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड की परियोजना, विपत्र कोड 10– 4801057890103 विषय शीर्ष 0103.54.01 निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

आवंटन की स्थिति निम्न प्रकार है :–

बजट उपबंध	पूर्व में आवंटित राशि	वर्त्तमान में आवंटित राशि	कुल आवंटित राशि	बजट उपबंध की शेष राशि
3936476000.00	3199413000.00	44800000.00	3244213000.00	692263000.00

3. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से की जाएगी।

4. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक 2561 दिनांक 17.04.98 के आलोक में निर्गत किया जाता है तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से अनुरोध है कि राशि की निकासी के पूर्व सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद ही इस राशि की निकासी करेंगे। यह राशि उस मद में कुल उपबंधित राशि के अधीन है।

5. आवंटित राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि के साथ संबंधित इकाई के कोड संख्या का भी उल्लेख करेंगे तथा विपत्र पर चिन्हित राशि बजट उपबन्ध के अन्तर्गत होने का प्रमाण–पत्र भी अंकित करेंगे।

6. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी0 एल0 खाता) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0048–नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, व्यय शीर्ष एल0 8448001200048 एवं प्राप्तियाँ–के0–8448001200048 में जमा की जाएगी।

7. नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए पी0 एल0 खाता संख्या **PLA276** से की जाएगी।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(प्रत्यय अमृत)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–_प्र0/ NBPDCL-01/2018 **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– प्र0/ NBPDCL-01/2018 02 **पटना, दिनांक–** 16/02/2018

प्रतिलिपि– संयुक्त सचिव, ऊर्जा विभाग/आई0 टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग/लेखा शाखा (तीन प्रतियों में), ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/विभागीय बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, वित्त विभाग पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।

E:\vipul\allotment letter 2017-18\july 2017\mantri prisab ka sanlekh 13-07-2017 NBPDCL